# Additional Attachment -2.1

**परियोजना का नाम** :– जनपद नैनीताल के अन्तर्गत विकास खण्ड रामगढ़ मे लक्ष्मीखान – नथुवाखान – प्यूडा–क्वारव मोटर मार्ग के कि0मी0 11 मे नावली नामक स्थान से लोश्ज्ञानी तक सम्पर्क मोटर मार्ग के निर्माण हेतु।

## प्रस्ताव की औचित्य एवं आवश्यकता

जनपद नैनीताल के लक्ष्मीखान–नथुवाखान–प्यूडा–क्वारव मोटर मार्ग के कि0मी0 11 मे नावली नामक स्थान से लोश्ज्ञानी तक सम्पर्क मोटर मार्ग के निर्माण हेतु (लम्बाई 5.00 कि0मी0) शासनादेश संख्या 2200/111(2)/57(एम0एल0ए0)/2016 टि0सी0 लो0 नि0 अनुभाग–2 दिनांक 22.07.2016 द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिसके अनुसार इस मोटर मार्ग का निर्माण कार्य कराया जाना है।

उक्त स्वीकृत मोटर मार्ग लक्ष्मीखान–नथुवाखान–प्यूडा–क्वारव मोटर मार्ग के कि0मी0 11 मे नावली नामक स्थान से प्रारम्भ होकर ग्राम लोश्ज्ञानी तक जाता है, इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु निम्नलिखित 2 संरेखणो पर विचार किया गया है जिन्हे प्रस्ताव में संलग्न मानचित्रो में अलग–अलग रंगो से दर्शाया गया है। साथ ही 1:50000 पैमाने के जियोरिफरेंस मानचित्र एवं डिजिटल मानचित्र में भी प्रस्तावित स्वीकृति संरेखण को दर्शा कर प्रस्ताव में लगाये गये हैं।

**संरेखण नं0–1** को मानचित्रों मे लाल रंग से दर्शाया गया है, यह मार्ग पूर्व निर्मित मोटर मार्ग लक्ष्मीखान–नथुवाखान–प्यूडा–क्वारव मोटर मार्ग के कि0मी0 11 मे नावली नामक स्थान से प्रस्तावित किया गया है तथा मार्ग को सफेद रंग से दर्शाया गया है। ग्राम लोश्ज्ञानी का लगभग सम्पूर्ण भाग मात्र 5.00 कि0मी0 में जुड जाता है । इस समरेंखण में 8 एच0पी0 बैण्ड एवं अनुमन्य ढाल 1:20 व 1:40 आ रहा है। इस संमरेखण में प्रयुक्त अधिकांश भूमि कास्तकारों की नाप भूमि प्रभावित होती है। इस समरेंखण से अधिक आवादी लाभान्वित होती है। इस संरेखण के अन्तर्गत वृक्ष तथा बैन्ड कम आते है। मानकों के अनुसार सही ग्रेड मिलता है, इस संरेखण से सभी ग्रामवासी भी सहमत है।

**संरेखण नं0–2** को नीले रंग से दर्शाया गया है, यह मार्ग पूर्व निर्मित मोटर मार्ग लक्ष्मीखान–नथुवाखान–प्यूडा–क्वारव मोटर मार्ग के कि0मी0 12 से प्रस्तावित किया गया है मार्ग को सफेद रंग से दर्शाया गया है। इसमें अधिक लम्बाई 6.00 किमी होने के साथ बडे व्यास के विभिन्न प्रजाति के वृक्ष एवं वन भूमि अधिक प्रभावित होती है। इस समरेखण के अनुसार अधिक अनुमन्य ढाल 1:18 व 1:14 एवं 11 एच0पी0 बैण्ड तथा मानको के अनुसार सही ग्रेड न मिलने से पूर्व निर्मित मोटर मार्ग को अत्यधिक क्षति होगी तथा ग्रामवासी भी सहमत नही है।

उपरोक्त दोनों समरेखणों का भू–वैज्ञानिक द्वारा भी निरीक्षण किया गया है, तथा उनके द्वारा संरेखण नं0–1 को ही मोटर मार्ग निर्माण हेतु तकनीक, पर्यावरणीय एवं भू गर्भीय दृष्टि से उपयुक्त पाया गया है। प्रस्तावित स्वीकृति समरेखण नं0–(1) के अन्तर्गत मार्ग के 1.040 किमी0 लम्बाई मे (सिविल सोयम) वन भूमि एवं 3.960 किमी0 लम्बाई मे कास्तकारो की नाप भूमि प्रभावित होती है।

अतः 5.00 किमी लम्बाई के अन्तर्गत उक्त मोटर मार्ग के समरेखण नं0–(1) में प्रभावित होने वाले चीड़ प्रजाति के कुल 135 वृक्षो एवं 0.936 हेक्टेयर वन भूमि का गैरवानिकी कार्य हेतु प्रत्यावर्तन एवं लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण की स्वीकृति हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित कर प्रेषित है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
नैनीताल।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
नैनीताल।